MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरिभूमि | भोपाल | 3.2.2025 | 03 | प्रायोरिटी कॉरिडोर मेट्रो स्टेशन तैयार होने से पूर्व इसी माह शुरू हो जाएगा एम्स तक का ट्रायल रन |

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 3 फरवरी 2025



जुलाई तक होना है भोपाल मेट्रो का व्यावसायिक संचालन

## प्रायोरिटी कॉरिडोर मेट्रो स्टेशन तैयार होने से पूर्व इसी माह शुरू हो जाएगा एम्स तक का ट्रायल रन

रानी कमलापति, केंद्रीय विद्यालय और सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन 95 प्रतिशत तैयार, एमपी नगर, डीआरएम, अलकापुरी, साकेत नगर और एम्स स्टेशन के काफी काम बाकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में प्रायोरिटी कॉरिडोर के सभी मेट्रो स्टेशन तैयार करने का काम भले ही तेज गति से चल रहा है, लेकिन इसमें भी कम से कम 4 से 5 माह का वक्त लगेगा। जबकि ट्रैक और थर्ड लेन का काम लगभग पूरा हो चुका है।

कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि स्टेशनों का फाइनल टच का काम चल रहा है। उम्मीद है कि सभी स्टेशन जल्दी ही मेट्रो संचालन की स्थिति में आ जाएंगे। अगर स्टेशनों के कुछ काम बचते हैं तो भी इस माह एम्स तक ट्रायल रन शुरू कर दिया जाएगा। क्योंकि जुलाई में मेट्रो का सफर आम जनता को उपलब्ध कराना है।

मेट्रो कंपनी के अधिकारियों के अनुसार रानी कमलापति, केंद्रीय विद्यालय और सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन 95 प्रतिशत तैयार हो गए हैं।

### मार्च 2025 तक 7 किलोमीटर का ट्रायल

ट्रायल रन के लिए डिपो से एम्स तक भोपाल मेट्रो रेल के आने आने की आवाज रोजमर्रा की बात हो जाएगी। आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद, यात्री सेवा भी शुरू हो जाएगी। भोपाल मेट्रो ने पहले चरण के लिए 27 ट्रेनों का ऑर्डर दिया है, जिसमें दो लाइनें शामिल होंगी। एम्स से करोंद और रत्नागिरी से भदभदा। ऑरेंज और ब्लू लाइन की लंबाई 31 किलोमीटर है।

### जुलाई तक 8 स्टेशनों को शुरू करने की भी तैयारी

एमपी नगर, डीआरएम, अलकापुरी, साकेत नगर और एम्स स्टेशन के काफी काम बाकी है। इनके काम पूरे करने लिए लगातार काम चल रहा है। उम्मीद बढ़ रही है कि जुलाई तक मेट्रो का व्यावसायिक संचालन शुरू हो जाएगा। जुलाई तक 8 स्टेशनों सुभाष नगर से एम्स को चालू करने की भी तैयारी चल रही है। जबकि भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट का पहला चरण 31 किमी लंबा है, जिसमें से सुभाष नगर से एम्स तक 7 किमी का ब्लॉक पर पूरा होने वाला है। हबीबगंज रेल ओवर ब्रिज का निर्माण पूरा हो जाने से, जो मेट्रो रेल को एम्स से जोड़ेगा, इस प्रोजेक्ट के जल्द शुरू होने की आशा बढ़ी है।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | हरिभूमि | भोपाल | 6.2.2025 | 1 | कमर्शियल रन शुरू करने के लिए मेट्रो एमडी ने किया निरीक्षण |



भोपाल हरिभूमि

हर सप्ताह निरीक्षण से काम में आई तेजी

# कमर्शियल रन शुरू करने के लिए मेट्रो एमडी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कंपनी के प्रबंध संचालक एस चेतन्य ने बुधवार को सुभाष नगर डिपो से लेकर एम्स तक चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। एम्स तक मेट्रो का सफर आम जनता को जुलाई माह तक उपलब्ध कराने के लिए एमडी हर सप्ताह स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं।

मेट्रो अधिकारियों के अनुसार एमडी के द्वारा हर सप्ताह भोपाल मेट्रो प्रायोररटी कॉरिडोर का निरीक्षण निरीक्षण करने से यह साफ है कि जुलाई माह तक आम जनता मेट्रो में सफर करेगी। एमडी ने एम्स, अलकापुरी एवं डीआरएम ऑफिस स्टेशन के साथ ही सुभाष नगर डिपो



का स्थलीय निरीक्षण किया गया। एमडी द्वारा हर सप्ताह निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक की जा रही है। बुधवार को निरीक्षण की शुरुआत एम्स स्टेशन से की गई। इसमे आंतरिक एवं बाहरी कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर एमडी ने कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। अलकापुरी स्टेशन एवं डीआरएम ऑफिस स्टेशन के एंट्री व एक्जिट के कार्यों को जल्दी ही पूरा करने के उन्होंने निर्देश दिए।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Times of India | Bhopal | 6.2.2025 | 02 | Weekly metro inspections for metro |

Pg-02

TIMES CITY

THE TIMES OF INDIA, BHOPAL | THURSDAY, FEBRUARY 6, 2025

# 'Weekly inspections for Metro'

TIMES NEWS NETWORK

**Bhopal:** Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, managing director, Krishna Chaitanya, inspected Bhopal metro's priority corridor construction on Tuesday.

The inspection covered AIIMS, Alkapuri, and DRM Office stations, along with the Subhash Nagar Depot. Chaitanya is conducting weekly inspections to expedite construction.

At AIIMS station, internal and external work was reviewed. Chaitanya instructed for prompt completion. At Alkapuri and DRM Office stations, Chaitanya directed for quick completion of entry and exit points.

Chaitanya reviewed the weekly progress at Subhash Nagar Depot. The depot contractor briefed Chaitanya about road construction inside the depot. Chaitanya also emphasized increasing greenery within the depot. All contractors received instructions to finish work on schedule for a timely and safe metro launch.

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | राज एक्सप्रेस | भोपाल | 6.2.2025 | 03 | मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर की बढ़ी रफ्तार |


राज एक्सप्रेस
गुरुवार, 06 फरवरी, 2025
सूर्यास्त (गुरुवार): 06:10
सूर्योदय (शुक्रवार): 06:58
महानगर
तापमान अधिकतम 26.2° न्यूनतम 14.0°
भोपाल 3
www.rajexpress.com


# मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर की बढ़ी रफ्तार



**भोपाल।** मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर सुभाष नगर से एम्स तक चल रहे काम ने रफ्तार पकड़ ली है। इधर मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य अब हर सप्ताह इसकी मॉनीटरिंग करने खुद फील्ड में उतरेंगे। बुधवार को एमडी ने एम्स, अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस स्टेशन के साथ सुभाष नगर डिपो का जायजा लिया। बुधवार को मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य सबसे पहले एम्स के पास बन रहे मेट्रो स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने अंदरूनी और बाहरी कामों का जायजा लेते हुए अधिकारियों से प्रोग्रेस के बारे में चर्चा की। इसके बाद वे अलकापुरी स्टेशन और डीआरएम ऑफिस के पास बने मेट्रो स्टेशन देखने के लिए पहुंचे। एमडी ने स्टेशन के एंट्री-एक्सिट के काम जल्द पूरे करने को कहा। वहीं सिविल और सिस्टम कान्ट्रैक्टर से स्टेशन के सिस्टम रूम की जानकारी ली। फिर एमडी सुभाष नगर डिपो पहुंचे। बीते एक सप्ताह के दौरान हुए कामों की चर्चा करते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। एमडी ने डिपो कॉन्ट्रैक्टर से डिपो के भीतर बन रहे रोड कन्स्ट्रक्शन पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि डिपो के आसपास हरियाली बढ़ाने पर काम करें।

**एमडी अब हर सप्ताह ऐसे ही करेंगे मॉनिटरिंग**

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 6.2.2025 | 02 | जुलाई से आम शहरी कर सकेंगे मेट्रो की सवारी |


बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

भोपाल सिटी Page: 2 February 06, 2025


# जुलाई से आम शहरी कर सकेंगे मेट्रो की सवारी

## कंपनी के एमडी हर हफ्ते मेट्रो के कामों की समीक्षा के साथ ही ले रहे स्थिति का जायजा


पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983


राजधानी में मेट्रो कमर्शियल रन यानी मेट्रो को आम शहरी के लिए शुरू करने की डेड लाइन जुलाई में तय की गई है। यानी मेट्रो कंपनी को सुभाष नगर से एम्स हॉस्पिटल तक बनाए गए मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर का सौ फीसदी काम पूरा करने का टारगेट कंपनी एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने दिया है।

उन्होंने अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर्स को काम में लगी लेबर की संख्या दोगुनी करने के साथ ही दिन-रात काम कराने को कहा है। वह हर हफ्ते प्रायोरिटी कॉरिडोर का जायजा लेने के साथ ही समीक्षा भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में मेट्रो कंपनी एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने एम्स, अलकापुरी और डीआरएम ऑफिस मेट्रो स्टेशनों के साथ सुभाष नगर डिपो का जायजा लिया। अलकापुरी स्टेशन और डीआरएम ऑफिस स्टेशन के एंट्री-एग्जिट का काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही सिविल तथा सिस्टम कॉन्ट्रैक्टर से इन स्टेशन पर विभिन्न सिस्टम रूम्स प्रोग्रेस रिपोर्ट देखी। एमडी ने सुभाष नगर डिपो में चल रहे कामों को लेकर साप्ताहिक प्रगति समीक्षा रिपोर्ट की जानकारी ली। डिपो कॉन्ट्रैक्टर से डिपो के भीतर चल रहे रोड कन्स्ट्रक्शन आदि कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर को डेड लाइन में काम पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे तय समय मेट्रो का संचालन जल्द शुरू हो सके। निरीक्षण के दौरान शोभित टंडन निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता निदेशक (प्रोजेक्ट्स), संजय सिंह महाप्रबंधक (सिविल), विभागों के अधिकारियों के साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो ठेकेदारों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



मेट्रो कंपनी के एमडी एस कृष्ण चैतन्य बुधवार को मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण करते हुए।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | नवदुनिया | भोपाल | 6.2.2025 | 02 | एमडी ने प्रायोरिटी कारिडोर का किया निरीक्षण अलकापुरी-डीआरएम मेट्रो स्टेशन की एंट्री और एग्जिट पर फोकस |



### एमडी ने प्रायोरिटी कारिडोर का किया निरीक्षण

# अलकापुरी-डीआरएम मेट्रो स्टेशन की एंट्री और एग्जिट पर फोकस



मेट्रो स्टेशन में चल रहे कामों को देखते हुए एमडी एस कृष्ण चैतन्य। ● नवदुनिया

**नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल** : भोपाल मेट्रो के तहत बनाए जा रहे स्टेशन के काम तेजी से किए जा रहे हैं, ताकि प्रायोरिटी कारिडोर पर कमर्शियल रन शुरू किया जा सके, लेकिन अलकापुरी व डीआरएम मेट्रो स्टेशन पर अब तक एंट्री और एग्जिट का काम पूरा नहीं हुआ है। इसको पूरा करने के लिए मेट्रो प्रबंधन जोर लगा रहा है। साथ ही प्रायोरिटी कारिडोर के अन्य कामों को लेकर एमपी एस कृष्ण चैतन्य साप्ताहिक प्रगति समीक्षा कर रहे हैं। ताकि जुलाई तक प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो शुरू हो सके। इसके मद्देनजर बुधवार को एमडी चैतन्य ने एम्स, अलकापुरी और डीआरएम आफिस स्टेशन के साथ-साथ सुभाष नगर डिपो का निरीक्षण किया। उन्होंने एम्स स्टेशन में चल रहे आंतरिक और बाहरी कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद अलकापुरी स्टेशन और डीआरएम आफिस स्टेशन के एंट्री-एक्सिट के कार्यों जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा। साथ ही सिविल और सिस्टम कांट्रेक्टर से इन स्टेशन पर विभिन्न सिस्टम रूम्स की प्रगति की जानकारी ली। प्रबंध संचालक ने डिपो कांट्रेक्टर से डिपो के भीतर बन रही रोड़ कन्स्ट्रक्शन कार्यों की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से कहा कि डिपो में हरियाली बढ़ाने पर भी जोर दें। इस अवसर पर शोभित टंडन, अजय गुप्ता, संजय सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और निर्माणकर्ता एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- जुलाई तक प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो शुरू करने पर जोर
- डिपो परिसर में हरियाली बढ़ाने पर भी दे रहे विशेष ध्यान

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | दीनबंधु | भोपाल | 6.2.2025 | | प्रबंध संचालक मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने समय सीमा में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश |

मेट्रो का संचालन शीघ्र और सुरक्षित रूप से शुरू किया जा सके

# प्रबंध संचालक मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने समय सीमा में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश

दीनबन्धु ■ भोपाल
www.dinbandhunews.com



एस. कृष्ण चैतन्य, आईएएस, प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा आज भोपाल मेट्रो प्रयोरिटी कोरिडोर के तहत (एम्स स्टेशन से डी.आर.एम ऑफिस स्टेशन एवं सुभाष नगर डिपो) पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ सभी संबंधित विभागों, मेट्रो अधिकारियों, कन्सल्टन्ट व कान्ट्रैक्टर के साथ कार्यों की प्रगति संबंधित जानकारी ली गई। प्रबंध संचालक के निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारीगण श्री शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), श्री अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स), श्री संजय सिंह महाप्रबंधक(सिविल), विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण ठेकेदारों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | The Hitavada | Bhopal | 6.2.2025 | 4 | MP Metro MD Chaitanya inspects ongoing construction at Bhopal Metro Priority Corridor |

TheHitavada
Bhopal City Line | 2025-02-06 | Page- 4
ehitavada.com

# MP Metro MD Chaitanya inspects ongoing construction at Bhopal Metro Priority Corridor

■ Staff Reporter

ON WEDNESDAY, S Krishna Chaitanya, IAS, Managing Director of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, conducted a site inspection of the ongoing construction work under the Bhopal Metro Priority Corridor, covering the AIIMS, Alkapuri, and DRM Office stations, along with the Subhash Nagar Depot. To expedite the construction process, the Managing Director has been conducting weekly inspections and review meetings.

The inspection began at the AIIMS station, where both internal and external works were reviewed, with concerns raised over the progress and clear instructions to complete the tasks quickly. At Alkapuri and DRM Office stations, the MD emphasized completing the entry-exit work as soon as possible. He also took updates from civil and system contractors regarding the progress of various system rooms at these stations.



S Krishna Chaitanya, Managing Director, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation, reviewing the Bhopal Metro Priority Corridor, on Wednesday.

Additionally, the Managing Director reviewed the weekly progress of various works at the Subhash Nagar Depot and received reports on the ongoing tasks. During the depot inspection, Chaitanya inquired about the construction of roads and other works within the depot and emphasized increasing greenery in the depot area. The MD once again instructed all contractors to complete their tasks on time to ensure the prompt and safe operation of the metro. Wednesday's inspection included discussions with all concerned departments, metro officials, consultants, and contractors to gather information regarding the progress of the works and to ensure timely completion.

Powered by iDocuments

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | पत्रिका | भोपाल | 6.2.2025 | 08 | मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्टः एमडी ने किया निरीक्षण प्रायोरिटी कॉरीडोर में एम्स और अल्कापुरी स्टेशनों पर फोकस |

पत्रिका

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट: एमडी ने किया निरीक्षण

# प्रायोरिटी कॉरीडोर में एम्स और अल्कापुरी स्टेशनों पर फोकस



डीआरएम ऑफिस स्टेशन का निरीक्षण करते हुए अधिकारी।

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट एम्स से सुभाष ब्रिज तक प्रायोरिटी कॉरीडोर में अब एम्स, अल्कापुरी के स्टेशनों पर फोकस किया जा रहा है। बुधवार को साप्ताहिक निरीक्षण में एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने पएम्स, अलकापुरी व डीआरएम ऑफिस स्टेशन का निरीक्षण किया। वे सुभाष नगर डिपो भी पहुंचकर यहां का स्थलीय निरीक्षण भी किया। एमडी ने अल्कापुरी स्टेशन, डीआरएम ऑफिस स्टेशन के एंट्री-एक्सिट के कामों को जल्द से जल्द पूरा करने का कहा। सिविल तथा सिस्टम कान्ट्रैक्टर से इन स्टेशन पर विभिन्न सिस्टम रूम्स की प्रगति की जानकारी ली। प्रबंध संचालक के निरीक्षण में शोभित टंडन, निदेशक सिस्टम, अजय गुप्ता निदेशक प्रोजेक्ट्स व अन्य शामिल रहे।

06/02/2025 | Bhopal | Page : 8
Source : https://epaper.patrika.com/

MPMETRO

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | पत्रिका | भोपाल | 10.2.2025 | | रेलवे की अनुमति तो शुरू होगा पुल बोगदा पर थ्री लेयर में मेट्रो का काम |

माय सिटी
पत्रिका
भोपाल, सोमवार, 10 फरवरी 2025

### भदभदा से रत्नागिरी तिराहे की ओर 13 किमी लंबी लाइन बनेगी

# रेलवे की अनुमति तो शुरू होगा पुल बोगदा पर थ्री लेयर में मेट्रो का काम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत सुभाष मेट्रो स्टेशन से आगे पुल बोगदा पर थ्री लेयर में रेलवे लाइन का काम शुरू करने रेलवे से अनुमति की प्रक्रिया शुरू की है। मौजूदा रेलवे लाइन के ही जोड़ते हुए यहां मेट्रो की दो लाइनों को क्रॉस कराया जाएगा। जमीनी काम के लिए रेलवे की अनुमति जरूरी है, जिसके लिए पत्र लिखा गया है। अनुमति मिलते ही यहां पर काम शुरू हो जाएगा। नीचे मुख्य रेलवे लाइन रहेगी, जबकि इसके ऊपर भदभदा से रत्नागिरी तिराहे की ओर करीब 13 किमी लंबी लाइन क्रमांक पांच होगी। सुभाष मेट्रो स्टेशन से निकली ब्रांच को करीब दस मीटर ऊंचाई तक उठाकर पुल बोगदा इंटरचेंज क्रॉसिंग कराएंगे। यहीं पर पुल बोगदा मेट्रो स्टेशन होगा। इसके बाद रत्नागिरी की लाइन रायसेन रोड से गोविंदपुरा की ओर निकल जाएगी, जबकि मौजूदा एम्स से करोद के लिए तैयार की जा रही मेट्रो लाइन ऐशबाग से अंडरग्राउंड होकर सिंधी कॉलोनी डीआइजी बंगला के पास निकलेगी।

## पहली लाइन के दूसरे भाग का काम शुरू



**मेट्रो की** पहली लाइन के दूसरे भाग यानि सुभाष स्टेशन से आगे पुल बोगदा, ऐशबाग, भोपाल रेलवे स्टेशन, नादरा बस स्टैंड, सिंधी कॉलोनी और आगे करोद के बीच निर्माण शुरू करने से पहले कंपनी ने अपने स्तर पर जमीन का सर्वे अंतिम दौर में है। 2027 तक इस लाइन को पूरा करने का लक्ष्य तय किया हुआ है। अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन का काम 769 करोड़ रुपए में दिया गया है। ऐशबाग से सिंधी कॉलोनी तक 3.39 किमी की अंडरग्राउंड लाइन ट्वीन टनल के माध्यम से निकलेगी। इसमें तीन अंडरग्राउंड रेलवे स्टेशन के बाद दो रैंप होंगे जो ट्रेन को अंडरग्राउंड करने व निकालने के उपयोग में आएगी। ट्वीन टनल आपस में जुड़ी रहेगी।

## पहला फाइव स्टार स्टेशन होगा

**पुल बोगदा पर** दो मेट्रो लाइन को क्रॉस कराने के लिए बनने वाला इंटरचेंज स्टेशन वास्तव में शहर का पहला फाइव स्टार स्टेशन होगा, जिसमें यात्रियों के लिए फाइव स्टार जैसी सुविधाएं होगी। जिंसी से एशबाग तक की बाइब्रेंसी इससे बदल जाएगी। तंग गलियों के क्षेत्र के तौर पर पहचाने जाने वाले ये क्षेत्र शहर के पॉश एरिया में शामिल हो जाएंगे। यहां लाइन से 300 मीटर आसपास हाइराइज बिल्डिगों का रास्ता खुलेगा।

पुल बागड़ा से काम को आगे बढ़ा रहे हैं। उसके लिए जो भी अनुमतियां हैं वह ली जा रही है। हम समय सीमा में काम को पूरा करेंगे।

**एस चैतन्य कृष्णा, एमडी,** मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन

MPMETRO


| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | पत्रिका | भोपाल | 11.2.2025 | 04 | सब ओके तो इंदौरी इसी माह से कर सकेंगे मेट्रो की सवारी |

पत्रिका पॉलिटिक्स & एडमिनिस्ट्रेशन
ADMINISTRATION POLITICS
patrika.com
04
पत्रिका patrika.com
भोपाल, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

सीएमआरएस की टीम ने 5.8 किमी में ट्रैक, स्टेशन, प्लेटफॉर्म के कार्यों का किया निरीक्षण

# सब ओके तो इंदौरी इसी माह से कर सकेंगे मेट्रो की सवारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com





**इंदौर.** शहरवासियों का मेट्रो ट्रेन में सफर करने का सपना साकार होता नजर आ रहा है। कमर्शियल रन से पहले सेफ्टी ऑडिट करने कमिश्नर मेट्रो रेल सिक्योरिटी की टीम ने सोमवार को सिविल कार्यों का फाइनल निरीक्षण किया। हर विभाग के स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की रिपोर्ट देखी। गांधीनगर डिपो से सुपर कॉरिडोर स्टेशन 3 तक 5.8 किमी में यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े हर छोटे-बड़े काम को बारिकी से जांचा। एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) के अधिकारी ने बताया कि सभी दस्तावेज सीएमआरएस टीम को पहले ही सौंप दिए गए हैं। सोमवार और मंगलवार के निरीक्षण के बाद दिल्ली में दस्तावेजों की भी जांच की जाएगी। ग्रीन सिग्नल मिलते ही मेट्रो का कमर्शियल रन इसी महीने से शुरू हो सकता है। निरीक्षण में सबकुछ सही मिलने पर ही सीएमआरएस की टीम ओके रिपोर्ट देगी। जिम्मेदारों के दावे के अनुसार मेट्रो का दिसंबर 2024 में कमर्शियल रन नहीं हो पाया। अब एमपीएमआरसीएल के अधिकारियों ने कमर कस ली है। सीएमआरएस की टीम के निरीक्षण से पहले स्थानीय अधिकारियों ने भी पिछले दिनों पांच स्टेशन, जन सुविधा और ट्रैक सुरक्षा के पैरामीटर्स की जांच की थी।

### जांच में इन पर फोकस

- ट्रैक की सुरक्षा।
- ट्रैक के नट-बोल्ट की जांच।
- सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करना।
- स्टेशन निर्माण में उपयोगी उपकरणों को जांचना।
- लोक सुविधा के लिए लगाए गए सिस्टम का ट्रायल करना।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | नई दुनिया | भोपाल | 20.02.25 | 5 | मेट्रो का जहां सिविल वर्क पूरा, व्हाँ जलद बनेगी रोड़ |



# मेट्रो का जहां सिविल वर्क पूरा, वहां जल्द बनेगी रोड



निरीक्षण के दौरान निर्देश देते प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य। • नवदुनिया

नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : भोपाल मेट्रो प्रायोरिटी कारिडोर के तहत सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन और सुभाष नगर डिपो में चल रहे कामों को देखने बुधवार को प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सुभाष नगर डिपो में चल रहे विभिन्न सिविल और सिस्टम के कार्यों को देखा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से डिपो मे स्थापित कंट्रोल रूम के साथ-साथ, अनलोडिंग-बे, रिपेयर-बे, इंस्पेक्शन-बे, रिसीविंग सब-स्टेशन, टेस्ट ट्रैक, रोड, रोलिंग स्टाक के कामों की जानकारी ली।

**इन सुविधाओं में तेजी लाएं:** उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्री से संबंधित सुविधाओं जैसे स्टेशन के दोनों ओर एंट्री-एग्जिट, लिफ्ट, एस्केलेटर, प्रसाधन सुविधाएं, कंट्रोल रूम का काम तेजी से किया जाए। साथ ही मेट्रो स्टेशन के आंतरिक और बाहरी सुंदरीकरण के कार्यों जल्द से जल्द पूरे करें।

**ठेकेदारों को निर्देश दिए :** सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन पर बन रहे रेलवे ट्रैक की दूसरी ओर एफओबी के जरिए एंट्री-एग्जिट और बोर्ड आफिस मेट्रो स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज एफओबी के जरिए स्टेशन के कानकोर्स लेवल पर जुड़ने वाले दूसरे एंट्री-एक्सिट का कार्य शीघ्र ही पूरा करें। प्रबंध संचालक द्वारा ठेकेदारों को निर्देश दिए की जहां निर्माण कार्य पूरा हो गया है, वहां रोड निर्माण कार्य जल्द पूरा करें। निरीक्षण के दौरान शोभित टंडन, अजय गुप्ता विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण ठेकेदारों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

- मेट्रो प्रायोरिटी कारिडोर में काम की रफ्तार बढ़ाने पहुंचे प्रबंध संचालक
- मेट्रो स्टेशन पर आंतरिक व बाहरी सुंदरीकरण करने के दिए निर्देश



| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | पीपुल्स समाचार | भोपाल | 20..02.25 | 5 | पहले चरन के अंतिम मेट्रो स्टेशन रेडिसन पर शेड लगाने की तैयारी |

# मेट्रो का कॉमर्शियल रन जुलाई से, दिन-रात काम करवाने के निर्देश

## एमडी ने निरीक्षण के दौरान तय की डेड लाइन

**पीपुल्स संवाददाता • भोपाल**

मो.नं. 9300697983



राजधानी में मेट्रो के कॉमर्शियल रन के लिए डेड लाइन जुलाई तय की गई है। यानी मेट्रो कंपनी को सुभाष नगर से एमपी नगर, रानी कमलापति स्टेशन, अलकापुरी, साकेत नगर वाया एम्स तक बनाए प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम पूरा करने का टारगेट कंपनी के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने दिया है।

उन्होंने काम में लगे अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्टर्स को लेबर बढ़ाने के साथ दिन-रात काम कराने को कहा है। वह हर हफ्ते कॉरिडोर का जायजा लेने के साथ समीक्षा भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में मेट्रो कंपनी के एमडी ने बुधवार को सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक कॉरिडोर एवं सुभाष नगर डिपो का जायजा लिया। इस दौरान शोभित टंडन, निदेशक (सिस्टम), अजय गुप्ता, निदेशक (प्रोजेक्ट्स) मौजूद थे।

| S.no. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | राज एक्सप्रैस | भोपाल | 20.02.25 | 2 | राजधानी में जुलाई से शुरू होगा मेट्रो **कमर्शि**यल ऋण, एमडी ने लिया जायज़ा |

# राजधानी में जुलाई से शुरू होगा मेट्रो कमर्शियल रन, एमडी ने लिया जायजा

**भोपाल।** राजधानी में मेट्रो का कमर्शियल रन जुलाई से शुरू हो सकता है। इससे पहले मेट्रो कंपनी के एमडी इस कृष्ण चैतन्य ने बुधवार को प्रॉयोरिटी कॉरिडोर का जायजा लिया। एमडी ने सुभाष नगर से एमपी नगर, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, अल्कापुरी, साकेत नगर वाया एम्स हॉस्पिटल तक बनाए गए मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम पूरा करने का टारगेट इंजीनियर टीम को दिया। मेट्रो कंपनी एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने बुधवार को मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत सुभाष नगर से रानीकमलापति स्टेशन एवं सुभाष नगर डिपो का जमीनी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुभाष नगर डिपो में चल रहे सिविल तथा सिस्टम वर्क का निरीक्षण किया। डिपो मे स्थापित कंट्रोल रूम के साथ-साथ अनलोडिंग-बे, रिपेयर-बे, इंस्पेक्शन-बे, रिसीविंग सब-स्टेशन, टेस्ट ट्रैक, रोड़, रोलिंग स्टॉक इत्यादि की प्रगति की जानकारी ली और जमीनी निरीक्षण किया। मेट्रो स्टेशन के निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधा जैसे स्टेशन के दोनों ओर एंट्री- एक्सिट, लिफ्ट, एस्कलैटर, प्रसाधन सुविधाएं, कंट्रोल रूम आदि निर्माण कार्यों का जायजा लिया।